मुंबई पत्तन प्राधिकरण

सामान्य प्रशासन विभाग - कल्याण प्रभाग

सं.साप्रवि-कप्र/क-32/618

दि.06.06.2022

सेवा में,
सभी विभाग प्रमुख,
सभी प्रभाग प्रमुख.

विषय : मुंबई पत्तन के 150वें वर्ष को मनाने के अवसर पर
पत्तन गीत की 'गीत लेखन प्रतियोगिता

मुंबई पत्तन के 150वें वर्ष को मनाने के एक भाग के रुप में अध्यक्ष (प्रभारी) ने मुंबई पत्तन की महिमा थीम पर मुंबई पत्तन प्राधिकरण के "पत्तन गीत " के सृजन हेतु एक प्रतियोगिता आयोजित करने की इच्छा व्यक्त की है. प्रारंभ में मराठी में पत्तन गीत के सृजन हेतु सहभागिता आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया है और उसके बाद हिन्दी, सस्कृत तथा अंग्रेजी पत्तन गीत आमंत्रित किए जाएंगे.

2. मराठी गीत हेतु उक्त प्रतियोगिता में सहभाग लेने के लिए शर्तें तथा पूर्व आवश्यकताएं निम्नलिखित हैं :

i. स्वरचित गीत में एक मुखडे (Intro) के साथ लगभग प्रत्येकी 4 लाईनों सहित 3 से 4 अंतरे (छंद) होना जरुरी है. काव्य में लय ताल का ध्यान रखा गया हो, ताकि इस पर सुमधुर संगीत रचना करना संभव हो, गीत को संगीत देते समय किए गये गौण बदलावों पर गीतकार सहमत होगा.

ii. प्रविष्टियाँ 7.6.2022 (सुबह 10.00 बजे) से अंतिम तिथि 16.06.2022 (रात 11.59 बजे) तक मात्र प्राप्त की जाएगी.

iii. निम्नलिखित प्रतिभागी पात्र हैं.

ए. सभी पत्तन कर्मचारी तथा उनके आश्रित (परिवार सदस्य)

बी. पत्तन के पेंशनभागी तथा उनके पति / पत्नी

सी. पत्तन संविदाकार तथा उनके कर्मचारी

डी. जिन्हें दि.01.06.2022 से पहले गोदी प्रवेश अनुज्ञापत्र जारी किया गया है ऐसे पत्तन उपयोगकर्ता

ई. सभी प्रतिभागी उनके द्वारा खुद लिखा हुआ गीत 07.06.2022 (सुबह 10.00 बजे) से अंतिम तिथि 16.06.2022 (रात 11.59 बजे) तक मात्र ईमेल द्वारा श्री. आर. के. रामगुडे, जो समन्वयन हेतु नोडल अधिकारी होंगे, उनके पास इ-मेल rk.ramgude@mumbaiport.gov.in पर भेजें.

3. उक्त प्रतियोगिता के लिए निर्णायक बाहर से कोई होंगे, जो प्राप्त हुई सभी प्रविष्टियों में से कोई गीत चुनेंगे. उक्त प्रतियोगिता का परिणाम 20.06.2022 को घोषित किया जायेगा. विजेता गीत 26.06.2022को मुंबई पत्तन प्राधिकरण की वेबसाईट पर प्रेक्षेपित किया जाएगा तथा उसे रु.25000/- का पुरस्कार प्रदान किया जायेगा. पुरस्कार विजेता गीत 27.06.2022 को मुंबई पत्तन प्राधिकरण के कर्मचारियों द्वारा गया जाएगा. विजेता के मुंबई पत्तन प्राधिकरण में प्रविष्टि के चिरस्थायी सर्वाधिकार समर्पित करने होंगे. गीत के सर्वाधिकार मुंबई पत्तन प्राधिकरण के पास सुरक्षित होंगे.

4. सभी कर्मचारियों, पत्तन उपयोगकर्ताओं तथा संविदाकारों में व्यापक प्रसिद्धि दें ऐसा आपसे अनुरोध है.

(एम. डी. कुलकर्णी)
वरिष्ठ उप प्रबंधक (कल्याण)

singh/q/ port song comptition.docx